**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1960**
**सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक)**

## आईटीआई और डिप्लोमाधारक बेरोजगार युवा

**1960. श्री जुगल किशोर शर्माः**
**श्रीमती गीता कोडाः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जम्मू-कश्मीर में मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत आईटीआई और डिप्लोमाधारक बेरोजगार युवाओं के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बेरोजगारों को कम लागत पर प्रशिक्षण प्रदान करने की सरकार की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) एवं (ख): **'मेक इन इंडिया'** योजना निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का केंद्र बनाने की एक पहल है। **'मेक इन इंडिया'** पहल, राज्य/जिला/शहर/क्षेत्र विशिष्ट पहल नहीं है बल्कि इसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

(ग) एवं (घ): शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत देश में 25,82,271 की सीटिंग क्षमता वाले 14,953 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) काम कर रहे हैं, जिनमें से 10,900 की सीटिंग क्षमता वाले 50 आईटीआई जम्मू और कश्मीर में काम कर रहे हैं।

*****